सीफेट ने 9 राज्यों के तकनीकी अधिकारियों को खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग और मूल्य संवर्धन पर दिया प्रशिक्षण

लुधियाना, 25 नवंबर, 2023: आईसीएआर-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट-हार्वेस्ट इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीफेट) ने 25 नवंबर को कृषि, पशुधन एवं मत्स्यिकी उपज के खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग और मूल्य संवर्धन पर दो सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन किया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की मानव संसाधन प्रबंधन इकाई द्वारा प्रायोजित 14 से 25 नवंबर, 2023 के दौरान सीफेट, लुधियाना में आयोजित इस प्रशिक्षण में नौ अलग-अलग राज्यों (कर्नाटक, पंजाब, मेघालय, बिहार, उत्तर प्रदेश, केरल, झारखण्ड, जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल) के तकनीकी अधिकारीयों ने भाग लिया। संस्थान के प्रयासों के प्रति अपनी सराहना और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, प्रतिभागियों ने फसल कटाई के बाद मशीनीकरण की आवश्यकता एवं प्रशिक्षण की उच्च्व गुणवत्ता की प्रशंसा की जो निस्संदेह देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान देंगे।

आईसीएआर-अटारी जोन-I के निदेशक डॉ. परविंदर श्योराण मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से जमीनी स्तर पर कटाई के बाद की प्रौद्योगिकियों को लागू करने के महत्व को रेखांकित किया। सीफेट के निदेशक डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले ने प्रशिक्षण कार्यक्रम पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की और प्रतिभागियों को अपने संबंधित स्थानों में उद्यमियों को उपयुक्त प्रौद्योगिकियों को स्थानांतरित करने में पहल करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने ऐसे सहयोगात्मक प्रयासों में संस्थान की ओर से निरंतर समर्थन और तकनीकी सहायता का आश्वासन दिया । बैठक के दौरान, कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. राहुल कुमार और डॉ . गुरु पीएन ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें बताया गया कि प्रतिभागियों ने लुधियाना में कीप इट फ्रेश और हाई-टेक इंटरनेशनल जैसी उद्योग साइटों का भी दौरा किया। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. विकास कुमार ने समापन समारोह का समन्वय किया। कार्यक्रम के दौरान पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. अरमान मुज़द्दादी भी उपस्थित थे।

ICAR
Human Resource Development
Training Programme for Technical Staff
Food Processing, Packaging and Value Addition of
Agricultural and Livestock Produce
November 14-25, 2023
Organized by